आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.10.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ किया।
- नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमानन कंपनियों से आगामी त्योहारों के दौरान हवाई किराए को किफायती बनाए रखने को कहा।
- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित आयोग ने सरकार को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी।
- और... मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार रिपोर्ट का परीक्षण कर अभ्यर्थियों के हित में निर्णय लेगी।

**विशेष कृषि कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब से कुछ देर पहले नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ किया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हमें विकसित बनना है तो हमें हर क्षेत्र में निरंतर सुधार और बेहतरी करनी होगी।

**हवाई किराया**

नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने सभी विमानन कंपनियों से आगामी त्यौहारों के दौरान हवाई किराये को किफायती बनाए रखने का आग्रह किया है। विमानन कंपनियों ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त उड़ानें भी संचालित की जाएंगी। नई दिल्ली में कल मासिक समीक्षा बैठक में श्री नायडू ने नागरिक विमानन महानिदेशालय को हवाई किराये पर कड़ी नजर रखने का भी निर्देश दिया।

**यूकेएसएसएससी**

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 21 सितंबर, 2025 को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित आयोग ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी ने इस परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रिपोर्ट का परीक्षण कर अभ्यर्थियों के हित में उपयुक्त निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति की जा चुकी है, ताकि मामले की पूर्ण निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।

श्री धामी ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भर्ती परीक्षा में अनियमितता की कोई संभावना न रहे, जिससे अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों का राज्य की परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बना रहे।

**कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों को बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर स्थित मंडी में उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की बैठक में कृषि मंत्री ने मंडियों के उन्नयन और आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण, तौल, परिवहन तथा विपणन को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मंडी की साफ–सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए श्री जोशी ने कहा कि किसानों और व्यापारियों के लिए यह सुचारू रूप से कार्य करने का केंद्र है, इसलिए स्वच्छता और व्यवस्था सर्वोपरि होनी चाहिए।

**जैफ–6 परियोजना**

वित्त और जलागम सचिव दिलीप जावलकर ने पौड़ी गढ़वाल के जमरगड्डी गांव में जैफ–6 परियोजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं, आजीविका के अवसरों, आपदा प्रभावित भवनों तथा

कृषि–बागवानी से जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा की। श्री जावलकर ने बताया कि वैश्विक पर्यावरण सुविधा पोषित जैफ–6 परियोजना का उद्देश्य कार्बेट और राजाजी राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास स्थित राजस्व गांवों का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को स्थायी आजीविका के साधन उपलब्ध होंगे, कृषि एवं बागवानी को प्रोत्साहन मिलेगा, वर्षा जल संचयन और मिट्टी संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पारंपरिक फसलों और जैविक खेती को भी पुनर्जीवित किया जाएगा। यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी ऊर्जा भी प्रदान करेगी।

**साहित्यक महोत्सव 2025**

अल्मोड़ा के मल्ला महल में कल से शुरू हुआ तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 2025, 12 अक्टूबर तक चलेगा। पद्मश्री डॉ. ललित पाण्डेय ने कहा कि साहित्य महोत्सव के आयोजन से क्षेत्र की संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। महोत्सव के दौरान साहित्यकारों से नए विचार जानने को मिलेंगे और देश की संस्कृति व साहित्य से युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। साहित्य महोत्सव की अध्यक्ष डॉ. वसुधा पंत ने बताया कि महोत्सव में 40 से अधिक सत्र होंगे और देशभर के 80 से अधिक साहित्यकार इसमें प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा की संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह साहित्यिक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

**क्रीड़ा प्रतियोगिता**

नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित 23वीं विद्यालयी शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। प्रतियोगिता में जौनपुर ब्लॉक ने तीनों प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में भिलंगना विकास खंड की टीम ने बाज़ी मारी। आकाशवाणी से बातचीत में टीम की कप्तान लक्ष्मी ने जीत का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया। लक्ष्मी ने कहा "ये जीत केवल मेरी नहीं, पूरी टीम की है। उन्होंने कहा कि गुरुजनों के अथक प्रयास और मार्गदर्शन से ही उन्हें विजय मिली है।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में श्रीनगर आवास विकास मैदान में स्टेट मिलेट मिशन योजना के तहत जिले में पारंपरिक मोटे अनाजों के संरक्षण और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडुवा, झंगोरा, गहद, भट्ट और दाल की खेती में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसानों को "उत्कृष्ट कृषक सम्मान" से नवाजा गया।

थलीसैण के मातवर सिंह नेगी ने कहा कि स्टेट मिलेट मिशन योजना से किसानों को नई दिशा मिली है। पहले मंडुवा और गहथ जैसी पारंपरिक फसलों को लोग भूलने लगे थे, लेकिन अब सरकार की पहल से इनका बाजार फिर से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से न केवल आमदनी बढ़ी है बल्कि उन्हें अपनी पारंपरिक खेती पर गर्व भी महसूस हो रहा है।